

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**197/2026***

## दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में विश्वविद्यालय कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पटना 27 सितम्बर, 2026** :– दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में 20 सितम्बर से 26 सितंबर, 2026 तक राज्य के चार विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के लिए कार्यालय प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा, वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुल 55 कर्मचारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बिहार सेवा संहिता, बजट, लेखा एवं प्रशासनिक कार्यवाही सहित कार्यालय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। वित्त विभाग, मुख्य जाँच आयुक्त निदेशालय तथा बिहार लोक भवन के वरीय पदाधिकारियों ने प्रशिक्षणदाता के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की बेहतर जानकारी देना तथा उनकी कार्यदक्षता बढ़ाना है।

अगले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए द्वितीय बैच के प्रतिभागियों का चयन किया जा रहा है। उनका प्रशिक्षण 5 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा।

....................................